पत्र सूचनाशाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उ०प्र०
(राज्यपाल सूचना परिसर)

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर राज्यपाल की बधाई

योग दुनिया को भारत की ओर से दिया गया एक अमूल्य उपहार है

प्रोटोकाल के अनुरूप सभी लोग "योग के साथ रहें, घर पर रहे और योगाभ्यास करें"–

श्रीमती आनंदीबेन पटेल

लखनऊ : 20 जून, 2021

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने 7वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी है।

राज्यपाल जी ने अपने बधाई संदेश में कहा है कि योग दिवस मानव चेतना और भलाई के लिए व्यापक रूप से मनाया जाने वाला एक पर्व है। आज दुनिया योग के फायदे को महसूस कर रही है। उन्होंने कहा कि योग दुनिया को भारत की ओर से दिया गया एक अमूल्य उपहार है।

श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने कहा कि कोविड–19 के परिप्रेक्ष्य में आज योग रोग प्रतिरक्षा को बढ़ाने तथा जीवन के संतुलन को बनाये रखने में प्रभावी स्वास्थ्य साधन के रूप में उभरा है। उन्होंने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार के प्रोटोकाल के अनुरूप सभी लोग "योग के साथ रहें, घर पर रहे और योगाभ्यास करें।"

राम मनोहर त्रिपाठी/राजभवन(247/34)